प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य सरकार ने वित्त विभाग को ऊर्जा उत्पादन निगम के खाते से करोड़ों रूपये के अवैध हस्तांतरण और फर्जी निकासी के बाद विभिन्न बिजली कंपनियों के एफडी फंड का स्पेशल ऑडिट कराने का दिया निर्देश।
- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा–जेएलकेएम झारखंड में 68 सीटों पर लड़ेगा चुनाव, अबतक 20 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी की, इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर मंथन जारी।
- राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा– झारखंड में एक–दो जिले में बचे नक्सलियों का जल्द होगा सफाया, सांगठनिक अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी।
- शारदीय नवरात्र को लेकर पूरे राज्य में उल्लास का माहौल, नौंवे दिन आज मां सिद्धिदात्री की हो रही आराधना।
- मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न भागों में 12 अक्टूबर तक आंधी तूफान और आकाशीय बिजली गिरने के साथ छिटपुट बारिश का जताया अनुमान।

****************

राज्य सरकार ने वित्त विभाग को ऊर्जा उत्पादन निगम के खाते से करोड़ों रूपये का अवैध हस्तांतरण और फर्जी निकासी के बाद विभिन्न बिजली कंपनियों के एफडी फंड का स्पेशल ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। विकास आयुक्त सह ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार ने वित्त विभाग को पत्र लिखकर बिजली की तीन कंपनियों झारखंड ऊर्जा विकास निगम, झारखंड बिजली वितरण निगम और झारखंड बिजली उत्पादन निगम के भी सभी एफडी का स्पेशल ऑडिट का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू स्थित शाखा में संचालित झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से फर्जीवाड़ा कर 40 करोड़ 50 लाख 500 रुपये निकाल लिये गये हैं। यह रकम फिक्स डिपॉजिट में निवेश के लिए बैंक की शाखा को हस्तांतरित की गयी थी।

****************

जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा– जेएलकेएम ने झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इसमें 14 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। इससे पहले पार्टी के प्रमुख जयराम महतो ने बताया कि उनकी पार्टी 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। अबतक 20 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गयी है, जबकि बाकी सीटों पर प्रत्याशियों के नाम कल तक घोषित किये जायेंगे। इधर इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग पर अभी मंथन चल रहा है। झामुमो, कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर एक–दौ दौर की बातचीत के बाद स्थिति साफ हो जायेगी। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिल्ली में ही हैं।

****************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान में तेजी आयी है, इससे झारखंड पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता मिल रही है। श्री गुप्ता चतरा में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सली अब केवल एक दो जिलों में ही रह गए हैं इनका भी जल्द सफाया होगा। अनुराग गुप्ता ने कहा कि अन्य जिलों में नक्सलियों के नाम पर चल रहे सांगठनिक अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि चतरा में अफीम और नशे की खेती के खिलाफ भी पुलिस का स्पेशल ड्राइव चलता रहेगा। इधर, हजारीबाग में भी पुलिस महानिदेशक ने कहा कि अवैध मामलों में किसी भी पदाधिकारी या पुलिसकर्मी के शामिल रहने की पुष्टि होती है तो उनपर कार्रवाई की जायेगी।

****************

झारखंड पुलिस मुख्यालय ने पूरे राज्य में दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश सभी जिलों को दिया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक– अभियान संजय आनंद लाटकर ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को मूर्ति विसर्जन तक सभी सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त करने का निर्देश दिया है।

****************

शारदीय नवरात्र का आज नौंवा दिन है। महानवमी के इस पावन अवसर पर मां दुर्गा के नौवें स्वरूप सिद्धिदात्री की आराधना की जाती है। इस अवसर पर राज्यभर के पूजा पंडालों और मंदिरों में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर रहे हैं।

इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को दुर्गा पूजा और दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज्य की खुशहाली और लोगों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

****************

जामताड़ा जिले के पशुपालकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक पहल की जा रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

****************

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न भागों में 12 अक्टूबर तक आंधी तूफान और आकाशीय बिजली गिरने के साथ छिटपुट बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 12 अक्टूबर के बाद झारखंड में मौसम सामान्य होगा। श्री आनंद ने वज्रपात की आशंका को देखते हुए चेतावनी भी जारी की है। उन्होंने खराब मौसम और वज्रपात से बचने के लिए सुरक्षित स्थान पर शरण लेने को कहा है जबकि गर्जन और वज्रपात के समय इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी है।

****************

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने रतन टाटा की अंत्येष्टि की खबर को पहले पेज पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने रतन टाटा के अंतिम संस्कार पर लिखा है– हर घर को लगा... कोई अपना चला गया।

प्रभात खबर ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी होने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने भी झारखंड और महाराष्ट्र में अगले हफ्ते विधानसभा चुनाव की घोषणा होने की संभावना को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक हिंदुस्तान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है– भारत और आसियान की मित्रता अहम।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने अंतराष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी राफेल नाडाल के संन्यास की घोषणा को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। वहीं द टाइम्स ऑफ इंडिया ने रामगढ़ में तीन बच्चियों समेत चार लोगों की सड़क हादसे में मौत की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

******समाप्त*******